आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 11.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल ने कल अण्डमान दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को श्रद्धांजलि दी।

2. सरकार ने कहा है कि ई–श्रम पोर्टल पर तीस करोड़ अडसठ लाख से अधिक असंगठित कामगार पंजीकृत हो चुके हैं।

3. लोकसभा ने लदान विधेयक–2024 पारित कर दिया।

4. यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए वाहनों में डैश कैमरे लगाने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष, एडमिरल डी के जोशी ने कल अण्डमान दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की। अंडमान और निकोबार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा लोकल बोर्न एसोसिएशन के सदस्यों और आम जनता द्वारा भी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि ई–श्रम पोर्टल पर तीस करोड़ अडसठ लाख से अधिक असंगठित कामगार पंजीकृत हो चुके हैं। असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष दो हजार इक्कीस में यह पोर्टल शुरू किया गया था। लोकसभा में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि कुल पंजीकृत कामगारों में तिरपन प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं।

<><><><><><><>

प्रशासन के पर्यटन विभाग ने राष्ट्रीय जीवन रक्षा सोसइटी के सहयोग से स्थानीय युवाओं के लिए लाइफ गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। सात दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सात मार्च से राजीव गांधी वाटर स्पोर्ट्स कॉम्पलेस में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचास बेरोजगार युवाओं को बीच सुरक्षा और जीवन रक्षा कौशल सीखाकर उन्हें रोजगार

के अवसर प्रदान करना है। इस दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को पानी में बचाव तकनीक, प्राथमिक चिकित्सा, सी पी आर और आपातकालीन प्रतिक्रिया सिखाएंगे। सफल प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, जिससे वे पर्यटन और जलक्रीडा क्षेत्रों में रोज़गार प्राप्त कर सकेंगें। बढ़ते पर्यटन और एडवेंचर वाटर स्पोट्स की मांग को देखते हुए प्रशिक्षित लाइफ गाइड की आवश्यकता बढ़ गई हैं। यह पहल सरकार की स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षा उपायों और आजीविका के अवसरों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान भुवनेश्वर के सहयोग से पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बारह दिवसीय इस कार्यक्रम में अण्डमान निकोबार के सौ युवा बेरोजगार उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कल से शुरू होगा।

<><><><><><><>

लोकसभा ने लदान विधेयक–2024 पारित कर दिया। यह विधेयक लदान जारी करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करने वाले भारतीय लदान अधिनियम–अट्ठारह सौ छप्पन का स्थान लेगा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यह विधेयक पोत परिवहन क्षेत्र के लिए, विशेष रूप से व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। श्री सोनोवाल ने कहा कि यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के अनुरूप है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए सभी चार पहिया वाहन मालिकों को अपने वाहनों में डैश कैमरे लगाने की सलाह दी है। इस पहल का उद्देश्य सड़क अनुशासन में सुधार करना, दुर्घटना की जांच में सहायता करना और विवाद या उल्लंघन के मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रदान करना है। डैश कैमरा में वास्तविक समय की फुटेज रिकॉर्ड होती हैं, जो कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लापरवाह ड्राइविंग, हिट–एंड–रन और अन्य यातायात से संबंधित अपराधों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं। रिकॉर्ड किए गए फुटेज का उपयोग बीमा दावों, कानूनी कार्यवाही और समग्र सड़क सुरक्षा अनुपालन में सुधार के लिए भी किया जा सकता है। सभी वाहन मालिकों, विशेष रूप से वाणिज्यिक और यात्री वाहनों का संचालन करने

वाले वाहन मालिकों को अपने वाहनों में जल्द से जल्द डैश कैमरे लगाने को कहा गया है। यातायात पुलिस की ओर से इस सुरक्षा उपाय को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन भी किया जाएगा। इस बीच, परिवहन निदेशालय की ओर से तेरह मार्च को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ओग्राब्राज के सामुदायिक हॉल में सुबह नौ बजे से शिविर आयोजित होगा। शिविर में परिवहन निदेशालय द्वारा लर्निंग लाइलेंस टेस्ट, रोड टैक्स और ड्राइविंग लाइलेंस नवीनीकरण जैसी विभिन्न सेवाएं भी प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>

युवा संसद में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने विकसित भारत – युवा संसद – दो हजार पच्चीस के तहत पंजीकरण और एक मिनट के वीडियों अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सोलह मार्च कर दी है। अण्डमान लॉ–कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. वी एन शर्मा ने छात्रों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में सक्रिय भाग ले और विकसित भारत की संकल्पना पर अपने विचार रखे। इस अभियान को गति देने के लिए हर कॉलेज से पांच सदस्यीय छात्र टीम को प्रशिक्षित किया गया है। अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे इस कार्यक्रम को देशभक्ति की भावना से अपनाए और अण्डमान के स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को आगे बढ़ाए। विकसित भारत के तहत युवा सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, हरित भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत और गरीबी मुक्त भारत जैसे विचारों पर जोर दिया जा रहा है।

<><><><><><><>

चौव्वनवें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर, श्रम विभाग ने सभी हितधारकों और छात्रों के बीच कार्यस्थलों पर सुरक्षा के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर श्रम आयुक्त के. श्रीनिवास राव ने सप्ताह के दौरान सुरक्षा संबंधी विषयों पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। श्रम आयुक्त ने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कार्यस्थलों में कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर साल राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने कार्यस्थलों पर कारखाना अधिनियम, उन्नीस सौ अडतालिस के प्रावधानों के तहत निर्धारित सुरक्षा उपायों का पालन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

<><><><><><><>

हिन्दी साहित्य कला परिषद के तिरसठवें स्थापना दिवस के स्वर्णिम अवसर पर कल शाम साढ़े पांच बजे हिन्दी भवन में सप्ताहव्यापी श्री रामचरित मानस व्याख्यान माला की पूर्णाहूति दी जाएगी। इस अवसर पर राजभाषा उप–सचिव राजेन्द्र इन्दवाल और प्रशासन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सचिव मुख्य अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

जी.बी.पंत अस्पताल में पांच मार्च को जोरिना बेगम नामक लगभग सत्तर वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। मृतका का शव जी.बी.पंत अस्पताल के शीत शवगृह में रखा गया है। चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार सात दिनों के भीतर कोई व्यक्ति या रिश्तेदार शव लेने के लिए आगे नहीं आता है, तो जी.बी.पंत अस्पताल बिना किसी सूचना के शव का निपटान कर देगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान दिवस के अवसर पर कल चाथम स्मारक पर द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी का स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को श्रद्धांजलि देने के समाचार को द्वीप समाचार और द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। अखबार ने श्री विजयपुरम स्थित कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच की उच्च न्यायालय विधि सेवा समिति का सुलभ और शीघ्र न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए आठ मार्च से पहली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के समाचार को भी प्रमुखता दी है। भारतीय वायु सेना के विशिष्ट सूर्य किरण एरोबेटिक टीम का कल और तेरह तारीख को मरीना पार्क के उपर एक शानदार शो की तैयारी के समाचार को इंफो इंडिया ने अपनी बडी खबर बनाया है। अखबार ने सुर्खी दी है कि सूर्य किरण एरोबेटिक टीम श्री विजयपुरम के आसमान को चमकाने के लिए तैयार। कैम्पबेल–बे के विजय नगर बीच पर छह सौ पन्द्रह ग्राम मेथम–फेटामाइन ज़ब्त करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अपने भीतर के पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>